

# कुशवाहा समाज का उग्र प्रदर्शन, सड़क पर लगाया जाम

**एसपी और टीआई को हटाने की मांग**

**ढाई घंटे तक प्रदर्शन करते रहे प्रदर्शनकारी**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ।** **बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भले ही टीकमगढ़ पुलिस कप्तान अपनी पीठ थपथपा लें, लेकिन हालात यह है कि टीकमगढ़ जिले में गुंडे, माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। सोशल मीडिया पर लगातार सामाजिक अभद्र टिप्पणी के मामले सामने आ रहे हैं, जिन पर पुलिस रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसा ही एक मामला दिगौड़ा से सामने आया जहां कुशवाहा समाज के खिलाफ एक युवक ने अभद्र टिप्पणी कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि आज हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के लोग एकत्रित हुए और उन्होंने उग्र प्रदर्शन कर थाना प्रभारी दिगौड़ा को निलंबन करने की मांग के साथ एसपी को जिले से हटाने के लिए जमकर प्रदर्शन किया।**

दरअसल पूरा मामला दिगौड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। इस थाना इलाके के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेराई के गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर कुशवाहा समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जिसमें दिगौड़ा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर कुशवाहा समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है जिसके चलते यूपी एवं मध्यप्रदेश के जिलों से आए कुशवाहा समाज के हजारों लोगों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर एसपी एवं दिगौड़ा थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पहले कुशवाहा समाज के एवं अन्य सामाजिक संगठन के लोग ईदगाह के पास स्थित एक निजी गार्डन में एकत्रित हुए इसके बाद यह सभी लोग पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुशवाहा समाज के साथ ओबीसी महासभा और भीम आर्मी के लोग भी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने एडीएम को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपा।



ज्ञापन में बताया गया कि गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सोशल मीडिया पर कुशवाहा समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की। कुशवाहा समाज के अध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा ने बताया कि जब समाज के लोग इस मामले में दिगौड़ा थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी समाज के 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्यवाही का आरोप लगाया है। दरअसल दो दिन पहले कुशवाहा समाज के 10 युवकों ने दिगौड़ा तालाब के पास एक वीडियो बनाया था। इस वीडियो में पुलिस के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। पुलिस ने इस मामले में रूपेंद्र, अम्बिका, गनपत, अजय, छोटू, पुष्पेंद्र, कोमल, गजेंद्र, अमित और राजकुमार कुशवाहा को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें एसपी और थाना प्रभारी को हटाने की मांग की गई है। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर मौजूद एसडीओपी राहुल कटरे ने भीड़ को एलाउन्स करके कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद ही आंदोलन समाप्त हुआ। हालांकि कुशवाहा समाज ने चेतावनी दी है कि अगर थाना प्रभारी दो दिन के अंदर निलंबित नहीं हुए तो वह फिर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा ने बताया कि इस मामले में एसपी का रबैया लचर रहा है उन्होंने समाज के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर अनेक लोगों के फोन रिसीव नही किए है। उनकी कार्यप्रणाली को लेकर समाज के लोगों में आक्रोष है इसलिए एसपी को जिले से बाहर भेजने की मांग की है।



### एसडीओपी जतारा करेंगे मामले की जांच

इस मामले में नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने कहा है कि आज कुशवाहा समाज ने अपनी कुछ मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। इसमें प्रमुख मांग बीते दिनों सोशल मीडिया पर हुई अभद्र टिप्पणी से जुड़ी है। इस मामले में पहले ही पुलिस आरोपी पर मामला दर्ज कर चुकी है। इतना ही नहीं अब गजेन्द्र सिंह ठाकुर के खिलाफ जिला बदर एवं गुंडा फाईल की कार्यवाही भी जारी है। हालांकि इस पूरे मामले की जांच अब जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम करेंगे।

## पुलिस ने अवैध शराब की बरामद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ।** **अवैध मादक पदार्थों के उन्मूलन हेतु संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में प्रभावशाली कार्यवाही की गई। उक्त अभियान के क्रम में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी कर अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध त्वरित एवं ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए थे। जिसके चलते दिगौड़ा थाना पुलिस ने सैराई गांव से अवैध शराब बरामद करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है।**

थाना दिगोड़ा प्रभारी उप निरीक्षक संदीप सोनी ने अपने पुलिस बल के साथ मुखविर की सूचना पर ग्राम सैराई स्थित आरोपी महेंद्र सिंह घोष के निवास पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान मौके से देशी शराब के 307 क्वार्टर तथा 52 बीयर कैन कुल शराब मात्रा 81.260 लीटर बताई जा रही है। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 33,010 आंकी गई है। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना दिगोड़ा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में उप निरीक्षक संदीप सोनी के अलावा पुलिस बल के नाम शमिल रहे है।

## मिट्टी के कटाव को लेकर पार्षद ने डलवाई डस्ट



**नवभारत न्यूज पलेरा।** **नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद अनिल खटीक के द्वारा बीते शनिवार के दिन बारिश से हुए रास्ते में मिट्टी के कटाव को लेकर डस्ट डालें जाने का कार्य किया गया।**

आम रास्ते में बारिश के पानी के फैलाव को देखते हुए वार्ड वासियों को हो रही असुविधाओं को लेकर पार्षद अनिल खटीक के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की जा रही है। दरअसल बीते दिनों हुई तेज मूसलाधार बारिश को लेकर नगर के हालातो को बिगड़ता देख वार्डों में पार्षद सक्रिय बने हुए हैं।जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर की तमाम जगहों पर जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। बताया गया है कि बीते दिन नगर क्षेत्र में हुई बारिश को लेकर पलेरा नगर के वार्ड क्रमांक 1 में गजाधर तालाब के रौद्र रूप को देखते हुए दहशत बनी हुई थी। प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद बिगड़े हालातो पर काबू पाया गया। विकराल स्थिति को लेकर नगर की जनता जनप्रतिनिधियों से नाराज है।

## जलाशयों को पट्टे पर देने की तैयारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार म.प्र. शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग अधिकारी कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ मप्र के अधिकार क्षेत्र सिंचाई तालाबों, जलाशयों को मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।**

तदनुसार ग्राम बड़माडई रिगौरा स्थित रिगौरा सिंचाई जलाशय तथा ग्राम डूडा में डूडा कवराटा सिंचाई जलाशय मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है। इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों, स्व. सहायता सूमहों, मछुआ समूह 22 जुलाई तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र पूर्ण भर कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ में जमा कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों का मध्य प्रदेष शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधान अनुसार प्राथमिकताक्रम के निर्धारित अनुसार चयन किया जायेगा। मध्यप्रदेश शासन मछली पालन आदेशानुसार शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग अधिकारी कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत अधिकार क्षेत्र सिंचाई तालाबों, जलाशयों को मछली पालन हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।

## मकान गिरने से महिला के दोनों पैरों में आई चोट

**नवभारत न्यूज खरगापुर।** **लगातार जिले भर में हो रही बारिश के चलते अब लोगों को नुकसान होने लगा है। बीते दिनों पलेरा नगर में काफी नुकसान होने की बात सामने आई थी इसी क्रम में बारिश के कारण बीते रोज खरगापुर क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा में एक मकान गिर जाने से महिला के दोनों पैरों में फैक्चर आने से बह घायल हो गई उसको उपचार के लिए झांसी मेडिकल रेफर किया गया है।**



जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बल्देगढ़ की ग्राम पंचायत धरमपुरा गांव में निवासरत राजेंद्र कुर्मी का मकान अधिक बारिश होने से गिर गया । मकान के अंदर मौजूद राजेंद्र की पत्नी मालवे में दब गई और बह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिससे महिला के दोनों पैरों की हड्डी टूटना बताया गया है। महिला को उपचार के लिए झांसी भेजा गया है। मकान गिरने से घर में रखा पूरा सामान भी वही मालवे में दव गया। तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला के संज्ञान ने लेते हुए बह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार कर राहत राशि दिलाने की कार्यवाही की जा रही है ।पीड़ित परिवार ने मकान गिरने से हुई क्षति का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर टीकमगढ़ द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत् विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है।**

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी दिशा-निर्देश एवं पात्रता बेवसाइट पर देखकर अन्तिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन फार्म नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट अथवा लिंक पर उपलब्ध है। चयन हेतु लिखित परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत् विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र में कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु आमंत्रित किये गए है।

## जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण बल्देवगढ़ क्षेत्र के अहार एवं गनेशपुरा में स्थित मदन सागर तालाब अपनी सीमा से अधिक क्षेत्रफल में जलभराव बढ गया है जिससे विगत पीढियों से निर्मित मकानों में पानी भरने लगे है एवं कुछ मकान गिर गये है ग्राम के स्कूल बंद पडे है और मवेशीयों को परेशानी उत्पन्न होने लगी है। अहार एवं गनेशपुरा के सरपंचों ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।**

जल भराव का कारण यह कि तालाब का वेस्टवीयर पखिया विगत वर्षों में रोड निर्माण होने से ठेकेदार द्वारा अहार के पास सीसी रोड ऊचा हो गया है जिससे तालाब भराव का जल क्षेत्र बड गया हैं। आम जनता के सामने जल भराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है एवं किसानों की स्वयं की पटैती भूमि जो विगत 100 वर्ष पूर्व से पटैती होते हुये है जिसका क्षेत्रफल लगभग 1000 एकड है जिसकी फसल नष्ट होने से जाँच कराकर क्षतिपूर्ति शासन से दिलायी जायें। तालाब सीमा का निरीक्षण करने एवं निरीक्षण उपरांत भूमि का सीमांकन कराये जाकर आम जनता की जल भराव सीमा को कराते हुये समस्या का निदान कराये जाने की कृपा करे। इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण बल्देवगढ़ क्षेत्र के अहार एवं गनेशपुरा में स्थित मदन सागर तालाब अपनी सीमा से अधिक क्षेत्रफल में जलभराव बढ गया है। जिससे विगत पीढियों से निर्मित मकानों में पानी भरने लगे है एवं कुछ मकान गिर गए है ग्राम के स्कूल बंद पडे है और मवेशीयों को परेशानी उत्पन्न होने लगी है।



## बारिश के चलते जिले के सभी तालाब ओवर फ्लो

**दिगौड़ा तालाब से रोक के बावजूद निकल रहे वाहन**

**पिछले 24 घंटों में 0 .3 इंच बारिश की गई दर्ज**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।** **लगातार बारिश से जिले भर के तालाब लबालब भर गए हैं। दिगौड़ा तालाब से सड़क पर पानी ओवरफ्लो हो रहा है। प्रशासन की मनाही के बावजूद तालाब के किनारे बनी सड़क से भारी वाहन गुजर रहे हैं।**

तालाब की बधान और पांखी पर पानी होने के बाद भी ट्रक निकल रहे हैं। कुछ लोग तालाब के ओवरफ्लो पानी में जाल डालकर मछलियां पकड़ रहे हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में जिले में 0.3 इंच बारिश हुई है। बांध में जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। 19 जुलाई की सुबह 8 बजे बांध में पानी का स्तर 313 मीटर दर्ज किया गया। बांध का पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। बांध का पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। वर्तमान में बांध 50.11 प्रतिशत भरा हुआ है। इसकी वर्तमान भराव क्षमता 138.330 मिलियन घन मीटर हैए जबकि पूर्ण भराव क्षमता 276.04 मिलियन घन मीटर है। पिछले वर्ष इसी समय जल स्तर 310.80 मीटर था और भराव क्षमता 81.32 मिलियन घन मीटर थी।बांध में नदी से लगभग 215 घन मीटर प्रति सेकेंड की दर से पानी आ रहा है। बांध का एक गेट खोला गया है जिससे 60 घन मीटर प्रति सेकेंड की दर से पानी छोड़ा जा रहा है। जिले में अब तक कुल 37.9 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह वार्षिक औसत 40 इंच का 95 प्रतिशत है। पिछले साल इस समय तक 11 इंच बारिश हुई थी। इस साल 26.9 इंच अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पलेरा में सबसे अधिक 53.2 इंच,टीकमगढ़ में 49.1 इंच, मोहनगढ़ में 43.1 इंच,खरगापुर में 37.1 इंच, बल्देवगढ़ में 33.8 इंच,लिधौरा में 33 इंच,जतारा में 31.3 इंच,बड़ागांव धसान में 25.8 इंच बारिश हो चुकी है। लगातार बारिश से जिले भर के तालाब लबालब भर गए हैं। दिगौड़ा तालाब से सड़क पर पानी ओवरफ्लो हो रहा है। प्रशासन की मनाही के बावजूद तालाब के किनारे बनी सड़क से भारी वाहन गुजर रहे हैं। हालाकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में अत्यधिक बारिश होने परजलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी के लिए किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा जिले के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**शुभारंभ** पूर्व विधायक, नपाध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष की रही मौजूदगी

# कलेक्टर ने किया वोट क्लब का उद्घाटन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ।** **जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अथक प्रयास के चलते शहर के लोगों को अब वॉटर स्पोर्ट्स की सौगात मिली चुकी है। गौरतलब है कि महेंद्र सागर तालाब में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर स्पोर्ट्स की शुरुआत शनिवार को हो गई है। झांसी की एक कंपनी ने तालाब में चार बोट डाल दी है। इस सौगात में नगर पालिका परिषद काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शनिवार को वॉटर स्पोर्ट्स के बोट क्लब का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसपी मनोहर मंडलोई और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत प्रमुख रूप से मौजूद रहे।**



शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महेंद्र सागर तालाब में वोट क्लब की शुरुआत की गई है। शनिवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसपी मनोहर मंडलोई और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने पूजा-अर्चना के साथ क्लब का उद्घाटन किया। झांसी की एक कंपनी को इस प्रोजेक्ट का ठेका दिया गया है। तालाब में स्लो बोट राइड, स्पीड बोट राइड, जेट्स्को राइड, बनाना राइड और सोफा राइड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों के लिए 12 सीटर और 8 सीटर बोट की व्यवस्था की गई है। साथ ही वॉटर बाइक का भी आनंद लिया जा सकेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि अगर प्रोजेक्ट सफल रहा तो जिले के अन्य तालाबों में भी इस तरह की गतिविधि शुरू की जाएगी। ताकि जिले के पर्यटन को बढ़ावा मिले। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि टीकमगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से जिला पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा। नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि यह सेवा अभी 3 महीने के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। बोट क्लब के आसपास खान-पीने की दुकानें भी खोली जाएंगी। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के विकास की योजना बनाई थी।

### शहर के जनप्रतिनिधियों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, पूर्व बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, , महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूनम जायसवाल, रविंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक खरे, नीतू द्विवेदी, रविकिरण त्रिपाठी, आरके पस्तोर, अनुपम दीक्षित, संध्या सोनी सहित शहर के लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पालिका के विभिन्न पार्षदों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही है।

## 14 तक होंगे शासकीय पॉलीटेक्निक के आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।**

संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ईब्डल्यूएस कोटा को छोड़कर सभी सीट्स भर चुकी है एवं कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी सीमित सीट्स बची हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी है। प्राचार्य डॉ आरपी शांडिल्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथियों में पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें। संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।

## जाम की समस्या से लोग परेशान



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है।**

शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है। हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। सबसे ज्यादा मुसीबत शहर में चल रहे ई-रिक्शा के कारण बन रही है। शहर में हर एक घंटे में जाम के हालात बन जाते है। जिसके चलते इन दिनों जाम की समस्या दिन में प्रत्येक घंटे में देखने को मिलती है। क्योंकि खरीददारी के लिए ग्रामीण अंचलों से अत्याधिक लोगों की आवाजाही बाजार में बनी रहती है।